हिन्दी प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी चंडीगढ़
(तिथि 11 जुलाई 2024, समय 1305 (5 मिनट))

हरियाणा में गुरुग्राम महानगर विकास प्राधिकरण क्षेत्र में संचालन के लिए सकल लागत अनुबंध मॉडल के तहत 69 करोड़, 66 लाख रुपये की लागत से 200 इलेक्ट्रिक बसें खरीदी जाएंगी। इस पहल का उद्देश्य गुरुग्राम के निवासियों को सुरक्षित, विश्वसनीय, स्वच्छ और किफायती सिटी बस सेवाएं प्रदान करना है।मुख्यमंत्री नायब सिंह की अध्यक्षता में कल गुरुग्राम महानगर विकास प्राधिकरण की 13वीं बैठक में इस परियोजना को मंज़ूरी दी गई।मुख्यमंत्री ने कहा कि इन इलेक्ट्रिक बसों की शुरूआत शहर के कार्बन उत्सर्जन को कम करने और सतत शहरी परिवहन को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। यात्रियों के लिए आराम और सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए ये बसें नवीनतम तकनीक से युक्त होंगी।

गुरुग्राम महानगर विकास प्राधिकरण ने गुरुग्राम में ताऊ देवी लाल स्टेडियम के उन्नयन को मंज़ूरी दी है, जिस पर 634 करोड़, 30 लाख रुपये की लागतआने का अनुमान है हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह ने कहा कि इस व्यापक नवीनीकरण परियोजना का उद्देश्य एथलीटों के लिए उपलब्ध सुविधाओं और सुख-सुविधाओं को बढ़ाना है, जिसमें नए प्रशिक्षण केंद्रों का निर्माण एवं अत्याधुनिक खेल सुविधाएं शामिल हैं। इसके अतिरिक्त, अंतरराष्ट्रीय मानकों को पूरा करने के लिए आधुनिक प्रणालियाँ और बुनियादी ढाँचा प्रदान किया जाएगा, जिससे यह सुनिश्चित हो सके कि स्टेडियम विभिन्न प्रकार के खेल मुकाबलों और गतिविधियों आयोजित करने में सक्षम है।

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह की अध्यक्षता में आयोजित सोनीपत महानगर विकास प्राधिकरण की पहली बैठक में कल मौजूदा वित्त वर्ष के लिए 363 करोड़ रुपये के बजट को मंजूरी दी गई। इस बजट से सोनीपत महानगर क्षेत्र में विभिन्न ढांचागत विकास परियोजनाओं को वित्तपोषित किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि सोनीपत महानगर विकास प्राधिकरण अधिनियम को राज्य सरकार द्वारा गत वर्ष 3 अक्तूबर को अधिसूचित किया गया था। अधिनियम का उद्देश्य सोनीपत महानगर क्षेत्र के निरन्तर और संतुलित विकास के लिए एक दृष्टिकोण को बढ़ावा देना है। उन्होंने आश्वासन दिया कि विकास कार्यों के लिए धन की कोई कमी नहीं है और शहरी पर्यावरण के सतत प्रबंधन का समर्थन करने और सामाजिक, आर्थिक और औद्योगिक विकास को बढ़ावा देने के लिए प्राधिकरण को अतिरिक्त संसाधन आवंटित किए जाएंगे।

पिंजौर के यादवेंद्रा गार्डन में कल से तीन दिवसीय मैंगो मेले का आयोजन किया जाएगा। हरियाणा पर्यटन निगम एवं बागवानी विभाग के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस मैंगो मेले का उद्घाटन मुख्यमंत्री नायब सिंह करेंगे।पर्यटन विभाग के प्रबंधकीय निदेशक वीरेंद्र चौधरी ने बताया कि मेले के 31वें संस्करण में विभिन्न प्रतियोगितायों और संध्या के सांस्कृतिक कार्यक्रमों सहित विभिन्न गतिविधियां होंगी । पहले दिन शाम को साढ़े छः बजे शास्त्रीय गायक सुभाष गोस की प्रस्तुति होगी। बालीवुड से विनोद राठौर अपनी प्रस्तुति देंगे।

तीसरे दिन शाम को पंजाबी गायक अशोक मस्ती और गुरप्रीत घुग्गी रिब गुदगुदी शो करेंगे। मेले में छात्रों के लिए रंगोली, चित्रकला , समूह नृत्य ,कहानी लेखन प्रतियोगिता, नारा लेखन और मैंगो क्विज जैसी विभिन्न प्रतियोगिताएं होंगी। मेले में भारतीय स्ट्रीट फूड के साथ-साथ पंजाब के स्वाद, दक्षिण की सूक्ष्म सुगंध और चाईनीज प्राच्य स्वाद सहित व्यंजन परोसने के लिए एक बहु-व्यंजन फूड कोर्ट स्थापित किया जाएगा। इसी प्रकार शिल्प बाजार मेल एक अतिरिक्त आकर्षण होगा। शिल्प बाजार में, हरियाणा, पंजाब, हिमाचल प्रदेश, जम्मू और कश्मीर, राजस्थान आदि के शिल्पकारों एंव बुनकरों द्वारा हथकरघा और हस्तशिल्प सामग्री का प्रदर्शन और बिक्री की जाएगी।

हरियाणा की शिक्षा मंत्री श्रीमती सीमा त्रिखा ने कहा कि स्कूल प्रबंधन समितियाँ अध्यापक और अभिभावक के मध्य एक मज़बूत कड़ी का कार्य कर रही हैं। श्रीमती त्रिखा पंचकूला में जिला स्तरीय विद्यालय प्रबंधन समिति प्रशिक्षण सम्मेलन को सम्बोधित कर रही थी। उन्होंने कहा कि शिक्षा विभाग द्वारा आज से 11 दिनों तक प्रदेश भर के सभी जिलों में जिला स्तरीय विद्यालय प्रबंधन समितियों द्वारा सम्मेलन का आयोजन किया जायेगा। इन कार्यक्रमों में अध्यापक और अभिभावक वर्ग के बीच की दूरी कम करने के साथ - साथ बच्चों के उज्जवल भविष्य के लिए चिंतन मनन होगा। उन्होंने कहा कि समितियों का उद्देश्य स्कूलों में अधिक से अधिक विद्यार्थियों का दाखिला और शिक्षा में गुणवत्ता लाना है। इस अवसर पर शिक्षा मंत्री ने कम लागत से बनाई गई शिक्षण सहायक सामग्री और विद्यार्थियों द्वारा 15 स्टॉल्स पर लगाए गए ज्ञान वर्धन उपकरणों की प्रदर्शनी का अवलोकन किया और विद्यार्थियों से बातचीत की।कार्यक्रम में विधानसभा अध्यक्ष श्री ज्ञानचंद गुप्ता ने विशिष्ट अतिथि के तौर पर शिरकत की। उन्होंने अपने सम्बोधन में युवा पीढ़ी को नशों से बचाने का आह्वाहन किया और विद्यालय प्रबंधन समितियों को विद्यालयों के उत्थान के लिए तत्पर रहने को कहा।

हरियाणा सेवा का अधिकार आयोग ने दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम बल्लभगढ़ में कार्यरत वाणिज्यिक सहायक पर एक हजार रूपये का जुर्माना लगाया है । आयोग ने यह जुर्माना उपभोक्ता वीरेंदर सिंह की शिकायत बिना कारवाई किए रद्द करने के कारण लगाया गया है।प्रवक्ता ने बताया कि उपभोक्ता ने बिजली का बिल सामान्य से बहुत अधिक आने पर बल्लभगढ़ में निगम को शिकायत भेजी थी। आयोग ने बल्लभगढ़ में निगम के कार्यकारी अभियंता को वाणिज्यिक सहायक मंसूर खान के वेतन से एक हजार रूपए की कटौती कर राज्य खजाना में जमा करवाकर रसीद सहित आयोग को सूचित करने के निर्देश दिए हैं।

....